सफलता पूर्वक 4 साल

www.politelive.com

# पोलिट लाइव

दैनिक डिजिटल अखबार

*वेब चैनल *यूट्यूब न्यूज *1 लाख लोग

वर्ष : 04 अंक : 302 Reg no - JH - 04-000-1393 धनबाद, मंगलवार, 30 अप्रैल, 2024

A TRUSTED BRAND

CRESCENT INTERNATIONAL SCHOOL

CBSE AFFILIATED SENIOR SECONDARY SCHOOL (AFFILIATION NO. 3430385)

ADMISSION OPEN

SESSION 2024 - 2025

HOSTEL FACILITY AVAILABLE

AN INSTITUTION FOR QUALITY EDUCATION

LIMITED SEATS

FIT INDIA SCHOOL

TOP 500

ISO 9001:2015

NURSERY TO CLASS XII

SCIENCE, COMMERCE & ARTS

BARIO, KNOWLEDGE VILLAGE, GOVINDPUR, DHANBAD ✆ 9934319186

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की लोकसभा आम निर्वाचन की अधिसूचना जारी

# स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन तैयार

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने लोकसभा चुनाव 2024 की अधिसूचना जारी करते हुए प्रेस वार्ता का आयोजन कर पत्रकारों से कहा कि जिला प्रशासन स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। जिले में 63 स्टैटिक सर्विलांस टीम, 21 फ्लाइंग स्क्वायड टीम व 21 विडियो सर्विलांस टीम कार्यरत है। 2 एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर भी




धनबाद पधार चुके हैं। उन्होंने बताया कि अधिसूचना जारी होते ही उम्मीदवार नामांकन पत्र खरीद कर जमा कर सकेंगे। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 6 मई 2024 को दोपहर 3:00 बजे तक है। नामांकन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जाएगा। 7 मई को सुबह 11:00 बजे से नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी की जाएगी। वहीं 9 मई 2024 को दोपहर 3:00 बजे तक नाम वापस लेने की अंतिम तिथि रहेगी। साथ ही बताया कि धनबाद में 25 मई को सुबह 7 बजे से संध्या 5 बजे तक मतदान निर्धारित है। वहीं 4 जून 2024 को मतगणना तथा 6 जून को चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि धनबाद संसदीय क्षेत्र में बोकारो, चंदनकियारी, सिंदरी, निरसा, धनबाद एवं झरिया को मिलाकर 22 लाख 78 हजार 221 मतदाता है। धनबाद संसदीय क्षेत्र में 1270 भवन में 2539 मतदान केंद्र है।

- **धनबाद संसदीय क्षेत्र में 22 लाख 78 हजार 221 मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग**
- **एसएसआर 24 में जुड़े 82628 नए मतदाता**
- **63 एसएसटी, 21 एफएसटी, 21 वीएसटी रहेगी अलर्ट मोड में**
- **27 आर्म्स लाइसेंस रद्द, 59 के विरुद्ध सीसीए की अनुशंसा**



# धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो आज करेंगे पर्चा दाखिल

**नामांकन बाद राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो करेंगे जनसभा दिखेगा 400 पार का मेघा शो**



प्रेसवार्ता करते





गोल्फ ग्राउंड मे भाजपा क़े आम सभा क़े लिए मंच पंडाल कार्य तैयारी जोर शोर से.

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो धनबाद लोकसभा सीट से आज 30 अप्रैल को पर्चा दाखिल करेंगे. नामांकन में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और झारखंड भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो शामिल होंगे. बता दें कि मिशन 400 पार के लक्ष्य को पाने के लिए धनबाद लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो के नामांकन के बाद भाजपा गठबंधन का मेगा शो दिखेगा. इसमें राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा,बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो मौजूद रहेंगे. नामांकन के बाद धनबाद के रणधीर वर्मा स्टेडियम में ये तीनों नेता जनसभा को संबोधित करेंगे. एनडीए में शामिल सभी घटक दल के नेता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी. वहीं मीडिया से बात करते हुए पूर्व मंत्री उमाकांत रजक और बीजेपी लोकसभा प्रभारी सुरेश साहु ने लोकसभा चुनाव में भाजपा की रणनीति पर खुलकर चर्चा की और बताया कि एनडीए गठबंधन की मजबूती के सामने इंडी गठबंधन कहीं टिकने वाली नहीं है. प्रेस वार्ता मे भाजपा लोक सभा संयोजक सतेंद्र सिंह आजसू प्रभारी उमाकांत रजक, जिला अध्यक्ष मंटू महतो, जदयू क़े धनलाल जी और लोजपा क़े दीना नाथ ठाकुर आदि लोक सभा कार्यालय चंचनी कॉलोनी में उपस्थित थें.

## भाजपा धनबाद लोकसभा प्रत्याशी दुलु महतो क़े नामांकन, कार्यक्रम इस प्रकार है

**आज**

10:10 राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा जी का आगमन बरवाअड्डा हवाईअड्डा होगा.

10:40 समाहरणालय के लिए प्रस्थान करेंगे।

10:45 नामांकन प्रक्रिया शुभारम्भ होगा.

11:00 मेमको मोड़ से गोल्फ़ ग्राउंड के लिए प्रस्थान, पैदल मार्च.

1:00 राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा जी का भाषण होगा.

2:00 बजे गोल्फ ग्राउंड में सभा का समापन...

आप सभी सादर आमंत्रित है।



धनबाद लोक सभा उम्मीदवार दुल्लु महतो क़े नामांकन मे राजस्थान क़े सीएम भजन लाल शर्मा क़े पहुँचने से पहले उनके निजी सचिव एवं राजस्थान भाजपा क़ी टीम निरिक्षण करने पहुंची सभा स्थल गोल्फ ग्राउंड में साथ थे डीएसपी लॉं एंड आर्डर .

## भाजपा धनबाद लोकसभा कार्यालय का उद्घाटन धनबाद के सांसद पशुपति नाथ ने फीता काट कर धैया में किया, इस दौरान लोकसभा प्रत्यासी ढुल्लू महतो उपस्थित थे








पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : महानगर जिला अध्यक्ष एवं ग्रामीण जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर के अध्यक्षता मे धैया के राहरगोडा में हवेली गार्डेन में भाजपा धनबाद लोकसभा कार्यालय का उद्घाटन धनबाद के सांसद पशुपति नाथ ने फीता काट कर किया इस दौरान लोकसभा प्रत्यासी ढुल्लू महतो उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का संचालन सतेंद्र सिंह ने किया। इस कार्यक्रम मे धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने अपने संबोधन मे कहा इस कार्यालय का उद्घाटन का मुख्य उद्देश्य यह है के प्रत्यासी और कार्यकर्ताओ को एक जगह जोड़ा जा सके इस एक जगह से सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया जा सकेगा जीत के लिए सब से अहम किरदार कार्यकर्ता का ही होता है। इनके बिना जीत सम्भव नही होता। इस लिए प्रत्याशी और कार्यकर्ताओ का संपर्क होना बहुत महत्त्वपूर्ण है। इस बार प्रधान मंत्री जी के चार सौ पार के आंकड़े को पार करने का लक्ष्य को पुरा करना है इस लिए सभी कार्यकर्ताओं से निवदेन है जिस प्रकार आप लोगो का प्यार मुझे मिलता रहा है उसी तरह का प्यार ढुल्लू महतो को भी देकर भारी बहुमत से विजय बनाकर लोकसभा भेजने का काम करे। लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने अपने संबोधन मे कहा के जीस प्रकार धनबाद की जनता का प्यार मुझे मिल रहा है उस से मेरे उत्साह मे बढ़ोतरी हो रही है और धनबाद के जनता का सेवा करने का मौका मुझे जरूर प्राप्त होगा मै धनबाद के जनता को विश्वास दिलाता हु मै धनबाद की जनता का बेटा बन कर सेवा करुंगा। मैं धन्यवाद देना चाहूंगा माननीय सांसद का जिनका जिनका प्यार और आशिर्वाद मुझे सदैव प्राप्त होता आया है और मुझे विश्वास है आगे भी इसी प्रकार मिलता रहेगा। इस कार्यक्रम का संचालन सतेंद्र सिंह ने किया और धन्यवाद ज्ञापन धनबाद महानगर अध्यक्ष श्रवण राय ने किया इस दौरान कार्यक्रम मे उपस्थित रागिनी सिंह,सुरेश साहू, घनश्याम ग्रोवर,संजीव अग्रवाल, अमर झा,हरिप्रकाश लाटा, चंद्रशेखर सिंह, रुपेश सिन्हा,मानस प्रसून,नितिन भट्ट, अमरेश सिंह, संजय झा,रीता प्रसाद,रमा सिन्हा, प्रियंका रंजन,बिरेंदर हासदा, प्रितपाल सिंह, अमर चंद्रबंसी, राजकुमार मंडल, निर्मल प्रधान,आनन्द खंडेलवाल, विक्रान्त उपाध्याय,बृजनंदन शर्मा,जीत सोनी, के साथ साथ अनेक कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।



# मांसाहार दुकानें हटाने के विरोध में पुलिस लाइन क़े दुकानदारों ने किया अर्द्धनग्न प्रदर्शन

पोलिट लाइव रिपोर्टर





धनबाद :पुलिस लाइन से मीट, मछली और चिकन की दुकानों को हटाने के निर्णय के खिलाफ दुकानदारों ने सोमवार को अर्द्धनग्न प्रदर्शन किया। नगर निगम की कार्रवाई के विरोध में पुलिस लाइन की फुटपाथ दुकानें बंद रहीं। इस बंद में सभी सब्जी व फल दुकानदार भी शामिल हुए। झारखंड हाईकोर्ट के एक आदेश के तहत शहर में सड़कों के किनारे चलने वाली मांस-मछली की दुकानों को हटाने का निर्देश सभी जिलों के उपायुक्त और नगर आयुक्त को दिया है। इसी आदेश के तहत नगर निगम ने सोमवार से पुलिस लाइन स्थित मांस-मछली की दुकानों को हटाने का निर्णय लिया था। इससे पहले निगम ने मुनादी करते हुए 48 घंटे में दुकान खाली करने का भी अल्टीमेटम दिया था। इसके बावजूद एक भी दुकानें खाली नहीं हुई। इधर सोमवार की सुबह पथ विक्रेता समन्वय समिति के बैनर तले इस निर्णय के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। समिति के नेता श्यामल मजुमदार ने कहा कि पुलिस लाइन के दुकानदारों को जिला पशुपालन कार्यालय के परिसर में शिफ्ट करने की मांग वर्षों से की जा रही है लेकिन इसपर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कभी स्टेशन रोड तो कभी पुलिस लाइन रोड में दुकानदारों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वेंडिंग जोन में ग्राहक नहीं आते हैं ऐसे में व्यवसाय चलाना मुश्किल है।

## सुनैना सिंह किन्नर ने लिया निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र



### 3 तारीख को गाजे बाजे क़े साथ करेंगी नामांकन

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : सुनैना सिंह किन्नर ने सोमवार को धनबाद संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र ले लिया है। उन्होंने दावा किया कि उनका नामांकन ऐतिहासिक होगा, क्योंकि पूरे झारखंड राज्य में ही वह इकलौती किन्नर है, जो लोकसभा चुनाव में अपने किस्मत आजमा रही है। उन्होंने बताया कि हमारा नामांकन 3 तारीख को पूरे गाजे बाजे के साथ किया जाएगा।
हमने जो वादा धनबाद लोकसभा के अपने जजमानों से किया है, उसे पूरा करने के लिए पूरी तरह से तत्पर रहूंगी 1 साथ ही उन्होंने कहा क्री यह लोकसभा चुनाव हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण होगी।

## महिला मतदान पदाधिकारियों को मॉक पोल का दिया प्रशिक्षण

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट महिला महाविद्यालय एवं पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज में महिला मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।
इस अवसर पर मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण, राजकुमार वर्मा, संजय कुमार ने मॉक पोल, 17 ए रजिस्टर का संधारण, एएसडी वोटर, बाएं हाथ की तर्जनी अंगुली में अमिट स्याही लगाने आदि के संबंध में बताया।
प्रशिक्षण के दौरान सेन्टर प्रभारी सह जिला शिक्षा पदाधिकारी सुश्री निशु कुमारी व जिला शिक्षा अधीक्षक भूतनाथ रजवार ने निरीक्षण किया।
मौके पर मास्टर ट्रेनर कुमार वंदन, प्रवीण लाला, केके तिवारी, सुभाष, रामलखन कुमार, नीरज मिश्रा सहित अन्य प्रशिक्षक उपस्थित थे।






# लोकसभा चुनाव के लिए 18 लोगों ने खरीदे नामांकन पत्र

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद आज 18 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे।

इस संबंध में अपर नगर आयुक्त प्रकाश कुमार ने बताया कि सामान्य वर्ग के लिए प्रति नामांकन पत्र का मूल्य 25 हजार रुपए तथा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के लिए 12500 रुपए निर्धारित है। आज सामान्य वर्ग में 14, अनुसूचित जाति में 3 तथा अनुसूचित जनजाति में 1 व्यक्ति ने नामांकन पत्र खरीदा।

नामांकन पत्रों की बिक्री कार्यालय अवधि के दौरान कलेक्ट्रेट में की जा रही है। बिक्री काउंटर पर जिला पंचायती राज विभाग के प्रधान सहायक रमेश कुमार तिवारी, शंभु महतो, नंदलाल चौहान मौजूद थे।





# अनुमंडल पदाधिकारी ने लिया विधि व्यवस्था का जायजा




पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद कलेक्ट्रेट में नामांकन पत्रों की बिक्री व नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस संदर्भ में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर नामांकन प्रक्रिया के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी श्री उदय रजक ने सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था का जायजा लिया।

उन्होंने बताया कि नामांकन की प्रक्रिया कलेक्ट्रेट में जिला निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में की जाएगी। नामांकन के दौरान निरंकारी चौक से मेमको मोड़ तक (नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 6 मई 2024 तक) सुबह 10 बजे से संध्या 4 बजे तक नो एंट्री लागू है। साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू है। इस दृष्टिकोण से कलेक्ट्रेट, निरंकारी चौक तथा मेमको मोड़ का निरीक्षण कर वहां प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों को आदर्श आचार संहिता एवं विधि व्यवस्था संधारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## पत्नी संग दुल्लू महतो ने कथवाचक देवकीनंदन ठाकुर का किया घर में स्वागत



**▪ जो राम को लाएं हैं जनता उसे सत्ता में लाएगी - देवकी नंदन**

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबादः भाजपा प्रत्याशी सह बाघमारा विधायक ढुलू महतो के आवास चिटाही में सोमवार को काफी गहमागहमी के साथ पूरा माहौल भक्तिमय रहा. श्रीकृष्ण भक्त कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर विधायक के आवास पहुंचे थे. उनके आगमन पर भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने अपनी धर्मपत्नी सावित्री देवी के साथ देवकीनंदन का स्वागत किया. देवकीनंदन के चिटाही पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने भी उनका आशीर्वाद लिया. उन्होंने रामराज मंदिर में पूजा अर्चना भी की. मीडिया से बात करते हुए देवकीनंदन ठाकुर ने लोकसभा चुनाव को लेकर बड़ी बात कही है.

धनबाद में मीडिया के सवालों पर कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि जो राम को लाए हैं, जनता उसे वोट देकर केंद्र में भेजेगी, सभी सनातनी राम को अपना वोट देगी, यह कोई राजनीतिक बात नहीं है. आगे उन्होंने कहा कि विपक्ष को अगर लगता है कि वह एक पार्टी के पक्ष में बयान दे रहे तो उन्हें ऑफर देते हैं 2029 से पहले मथुरा में श्रीकृष्ण मंदिर का निर्माण करा दें, वह उनकी बात करेंगे. देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि देश में हिंदू सबसे अधिक है, जो हिंदू हित की बात करेगा, वही देश पर राज करेगा और जो हिंदू का विरोध करेगा, उसे वह कुर्सी पर बैठा दे ये नहीं होगा. आगे उन्होंने कहा कि जो सनातन, धर्म, संस्कृति, संस्कार की बात करेगा जनता उसे आशीर्वाद देगी.

बाघमारा में रामराज मंदिर की स्थापना पर देवकीनंदर ठाकुर ने विधायक ढुल्लू महतो की सराहना की. उन्होंने कहा कि समाज के हर प्रतिनिधि को सनातन को ऐसे ही आगे बढ़ाना चाहिए. भारत ऋषि मुनियों का देश है, भगवान श्रीराम और कृष्ण का देश है. इस देश में सनातनी परंपराओं का निर्वहन, पालन और निर्माण जो मनुष्य जितना करेगा वह आने वाली पीढ़ी के लिए उतना ही अच्छा कर सकता है. देवकीनंदर ठाकुर ने कहा कि श्रीराम के जैसा मानव, राजा और बेटा हम कभी भी नहीं बन सकते हैं. लेकिन थोड़ा बहुत गुण अगर हम उनसे सीख लें तो आज भी इस पृथ्वी पर अयोध्या का निर्माण होगा.



# राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन ने कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा के समर्थन में उतरा

## अनूप ने कहा,सिर्फ 09दिन में 05लाख का पिछला अंतर समाप्त हुआ..इस बार 25मई को जनता दुल्लू को जवाब देगी..

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : धनबाद लोक सभा के इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के समर्थन में उतरा राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन यानी इंटक से संबंध आरसीएमयू... इसको लेकर बैंकमोड के होटल ब्लैक रॉक में कांग्रेस की चुनावी कार्यालय बैठक आयोजित की गई जहां पर बेरमो विधायक सह आरसीएमएस के राष्ट्रीय महासचिव अनूप सिंह शामिल हुए ...इसमें ट्रेड यूनियन से जुड़े सभी मजदूर नेता सम्मिलित हुए विधायक अनूप सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बीएमएस को छोड़कर बाकी सभी ट्रेड यूनियन की सहयोग और समर्थन हमें मिल रहा है उन्होंने बाघमारा विधायक सह भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो पर निशाना साधते हुए कहा कि वे एटक की राजनीति कर रहे हैं जबकि भाजपा से जुड़े हुए हैं और भाजपा का अपना मजदूर संगठन बीएमएस है वे दो नाव पर सवार होकर लोगों को कंफ्यूज कर रहे हैं ..



अनूप सिंह ने यह भी कहा कि आज कोल इंडिया में अनफिट आश्रितों को नौकरी नहीं मिल रही है पिछले कई वर्षो से इस मामले को लेकर वे लोग लगातार आवाज उठाते रहें है लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार की नीतियों के कारण मजदूर और उनके अस्तित्व को हक नहीं मिल रहा है ,जेबीसीसीआई में जो भी फैसला होता है उसे कोल इंडिया द्वारा लागू नहीं किया जा रहा है .मोदीराज में हद तो तब हो गई जब एमडीओ मोड में पहली बार कोल इंडिया को सरकारी कंपनी के तर्ज पर कोयला बेचने का अधिकार दे दिया गया है और झारखंड में ऐसे पांच कोलियरी हैं जिन्हें कोयला बेचने का संपूर्ण अधिकार दे दिया गया है.. जब प्राइवेट कंपनियां सस्ते दर पर कोयला बेचेंगे तो फिर सरकारी कंपनियों के महंगे दर वाली कोयला कौन खरीदेगा.. प्राइवेट कंपनियां मशीन से कोयला निकलेंगे जबकि सरकारी कंपनियां मजदूरों के जरिए कोयला खनन करेंगे.. ऐसे में मजदूरों का हक छीना जाएगा जिस कोयला उद्योग को कभी कांग्रेस ने राष्ट्रीयकरण करके देश को समर्पित किया था आज उस कोल इंडिया को निजीकरण कर पूंजीपतियों के हाथो बेचने की तैयारी है..कोल इंडिया को बचाने के लिए और उसके इकाई बीसीसीएल को बचाने के लिए कांग्रेस का आना जरूरी है| अनूप सिंह ने कहा कि धनबाद लोक सभा में इस बार लड़ाई भाजपा कांग्रेस की नहीं है यह आम जनता की लड़ाई है जो नहीं चाहते कि ढुल्लू महतो यहां का सांसद बने ..इसलिए आम लोग अनुपमा सिंह का साथ दे रहे हैं ... अनूप ने कहा कि पत्रकार भी मानते है इस बार कांटे की टक्कर है..पिछले बार का 05 लाख अंतर सिर्फ 09 दिन में ही समाप्त हो गया अभी 01 माह बाकी है..जनता ढुल्लू को जवाब देगी...

अनूप सिंह ने कहा कि उनके प्रत्याशी अनुपमा सिंह द्वारा 01 मई मजदूर दिवस को नामांकन पर्चा भरा जाएगा और मेरे पिताजी जीवित होते तो वह भी यही कहते मजदूर दिवस से बड़ा दिवस उनके लिए कोई नहीं होता... अनूप सिंह ने यह भी कहा कि उनके पत्नी अनुपमा सिंह केनामांकन के दौरान मुख्यमंत्री चंपई सोरेन , पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी कल्पना सोरेन ,कांग्रेस के झारखंड प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, सभी मंत्री विधायक एवं तमाम मजदूर नेता शामिल रहेंगे...

इस बैठक में राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के केंद्रीय, क्षेत्रीय एवं शाखा पदाधिकारी शामिल हुए..राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के महामंत्री एके झा ने बताया कि ये चुनाव देश की सार्वजनिक उपक्रम को बचाने और लोगों को न्याय दिलाने का भी है..

बैठक में पूर्व मंत्री सह इंटक नेता मन्नान मल्लिक , रामप्रीत यादव, मिथलेश प्रसाद सिंह, महेंद्र सिंह, लगन देव यादव, शशि भूषण तिवारी, संतोष महतो, वीरेंद्र अम्बष्ट, रामवृक्ष यादव, जे पी यादव, वैभव सिंह, अशोक लाल, कयूम खान, सुरेंद्र यादव, जितेंद्र शर्मा, महेश निषाद, सुनील राय, नवल पासवान, गुड्डू खान, अंजनी त्रिपाठी, सी पी संतन, अजय कुमार सिंह, वेद नारायण सिंह, मुन्ना, एस के शाही, पंकज मिश्रा, बमभोली सिंह, सीता पासवान, श्रीमती दुर्गा दास, रामचंद्र पासवान, दयाल महतो, वीरेंद्र बाउरी, सरजू सिंह, विमलेश चौबे, संजय निषाद, कालीपद रवानी, अक्षयवर प्रसाद, विजय दुबे आदि ने संबोधित किया।

बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश के उपाध्यक्ष एवं यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष बृजेंद्र प्रसाद सिंह, अध्यक्ष मन्नान मलिक और महामंत्री श्री ए के झा ने कहा कि राजेंद्र बाबू ने अंतिम समय तक मजदूरों की सेवा की। धनबाद की धरती मजदूरों की धरती है, जो प्राकृतिक संपदा से परिपूर्ण है। वैभव की इस नगरी को पिछले 10 वर्ष की भाजपा सरकार ने पूरी तरह से बेबस कर दिया है। श्रम शक्तियां घटा दी गई है। लोकतांत्रिक अधिकार छीना जा रहा है। कई शिक्षण संस्थानों को बंद किया गया। बहाली के हर दरवाजे बंद कर दिए गए हैं। COVID-19 में मृत लोग आज भी मुआवजे की राशि के लिए भटक रहे हैं।

# एसएचएमएस इंटर कालेज के खेल मैदान के सौंदर्यीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर जारी

पोलिट लाइव रिपोर्टर

कुमारधुबी : एसएचएमएस इंटर कालेज के खेल मैदान के सौंदर्यीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। कॉलेज प्रबंधन द्वारा पूरे खेल मैदान परिसर में छाई एवं मिट्टी की भराई करवाई जा रही है ताकि बरसात के दिनों में भी खेल मैदान की उपयोगिता बरकरार रहे। महाविद्यालय विकास समिति के सदस्य सह खेल प्रभारी प्रो दीपक सिंह ने बताया कि खेल मैदान के जमीन को छाई व मिट्टी से भराई करवा कर उसके सतह को ऊंचा किया



जा रहा है ताकि बरसात के दिनों में उसमें पानी न लगे और खेल मैदान पूरी तरह उपयोग के लायक बना रहे। खेल मैदान के बीचो-बीच टर्फ विकेट बनाने की योजना है। इसके अलावा चाहरदिवारी के चारों ओर हरे-भरे पेड़ लगाए जाएंगे ताकि खेल मैदान के चारों ओर हरियाली बनी रहे। इस खेल मैदान के पूर्ण रूप से तैयार हो जाने के बाद कॉलेज के बच्चे तो लाभान्वित होंगे ही साथ ही साथ आसपास रहने वालों के लिए भी मॉर्निंग वॉक की सुविधा होगी। खेल मैदान का सुंदरीकरण हो जाने के बाद कालेज के क्रिकेट व फुटबाल टीम को धनबाद जिला क्रिकेट तथा फुटबॉल संघ से संबद्ध कराया जाएगा ताकि आने वाले दिनों में शिक्षा के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी धनबाद जिले में इस कॉलेज का नाम अग्रणी हो।

# सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल के सक्रिय सदस्य ने वेस्ट बंगाल में किया रक्तदान

पोलिट लाइव रिपोर्टर



रानीगंज : वेस्ट बंगाल के मारवाड़ी हॉस्पिटल में भर्ती 60 वर्षीय मरीज जसोदा देवी के शरीर में रक्त की अत्यंत कमी होने के कारण डॉक्टर ने तत्काल 2 यूनिट ओ पॉजिटिव रक्त चढ़ाने की बात मरीज के परिजन से कहा, मरीज के परिजन बाहर से होने के कारण रक्त की व्यवस्था करने में असमर्थ हो रहे थे, तभी उन्होंने इसकी सूचना सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल संस्था को दी, सूचना मिलते ही संस्था के सक्रिय सदस्य चंदन पासवान ने बताया कि वो अभी वेस्ट बंगाल में उपस्थित हैं इसीलिए रक्तदान करने मैं खुद जाना चाहूँगा, फिर कुछ ही देर में वे रानीगंज ब्लड बैंक पहुंच कर अपना बी पॉजिटिव रक्त दान कर मरीज के लिए ओ पॉजिटिव रक्त उपलब्ध कराया|

# प्रयास इंडिया सिंदरी के वार्षिक उत्सव रेनबो 24 के दूसरे दिन नुक्कड़ नाटक, रैली, मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजित

पोलिट लाइव रिपोर्टर

सिंदरी:प्रयास इंडिया के वार्षिक उत्सव रेनबो 24 के दूसरे दिन नुक्कड़ नाटक और रैली का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य सामान्य लोगो के बीच मतदान को लेकर जागरूकता फैलाना था। नुक्कड़ नाटक का आयोजन शहरपुरा चौक और बी. आई. टी. मेन गेट पर किया गया वहीं रैली का आयोजन डोमगढ़ से लेकर टासरा तक किया गया। प्रयास इंडिया के बच्चों का





उत्साह देखते ही बनता था। बच्चों ने लोगों से सही और ईमानदार व्यक्ति को अपना नेता चुनने की अपील की और उनके एक वोट की अहमियत बताई। संस्था के इस कार्यक्रम को स्थानीय लोगो से बहुत सराहना मिली। पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रयास के स्वयंसेवकों का पूरा योगदान रहा।


मैनेजिंग संपादक - बिद्युत वर्मा, कार्यालय- गली न0-10, बिनोद नगर, धनबाद-826001, Mobile No. : 9934560545

# पुलिस उप महानिरीक्षक कोयला क्षेत्र बोकारो सुरेन्द्र कुमार झा ने सिंदरी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय का किया निरीक्षण

पोलिट लाइव रिपोर्टर

सिंदरी: पुलिस उप महानिरीक्षक कोयला क्षेत्र बोकारो सुरेन्द्र कुमार झा सोमवार के शाम को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय सिंदरी पहुंचे। उनके पहुचने पर सलामी गार्ड द्वारा उन्हें सलामी दी गयी। इस दौरान उन्होंने सलामी गार्ड को अच्छे टर्न आउट के लिए पुरस्कृत किया। तत्पश्चात् अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय, सिंदरी का उन्होंने निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय उनके साथ धनबाद पुलिस अधीक्षक (नगर) के अजीत कुमार, सिंदरी एसडीपीओ भूपेन्द्र प्रासाद राउत एवं आरक्षी उपस्थित थे। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने सिंदरी एसडीपीओ कार्यालय सिंदरी के अभिलेखों का अवलोकन किये। अवलोकन के दौरान सिंदरी अनुमंडल के विगत पांच वर्षों का अपराध आंकड़ा, यू०डी० कांड, अप्राथमिकी पंजी, गंभीर कांडों की समीक्षा एवं अन्य पंजियों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय कार्य संतोष जनक पाया गया, जिसके लिए कार्यालय के सभी पदाधिकारी एवं आरक्षियों को पुरस्कृत किया गया।





## बलियापुर में पंसस की हुई बैठक संपन्न

पोलिट लाइव रिपोर्टर



बलियापुर : प्रखंड प्रमुख कार्यालय में सोमवार को प्रमुख पिंकी देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति सदस्यों की एक बैठक हुई। जिसमें कहा कि किसी भी हाल में भ्रष्टाचार व पदाधिकारियों की तानाशाही चलने नहीं दिया जाएगा। इसको लेकर जल्द ही जिला व राज्य के संबंधित अधिकारियों व विभाग से बात की जाएगी। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि विजय रजक, पंसस प्रतिमा देवी, रविन्द्र महतो, हीरालाल मोदक, प्रताप सिंह, तपन रजक, शेलेन मंडल, सुरेन्द्र मांझी, जितू मंडल आदि मौजूद थे।

## दूल्हे का वाहन व चार चक्का माल वाहक के बीच करमाटांड़ चौक में आमने-सामने हुई टक्कर

पोलिट लाइव रिपोर्टर

बलियापुर: करमाटांड़ चौक में सोमवार को एक दूल्हे का वाहन व एक चार चक्का माल वाहक के बीच आमने-सामने टक्कर हो जाने से अफरातफरी मच गई। लोग काफी संख्या में जमा हो गए। हालांकि इस दुर्घटना में किसी को चोट नहीं आई। माल वाहन के चालक गाड़ी छोड़कर भाग निकला। इस दौरान दुल्हे की वाहन में सवार लोगों ने माल वाहन पर सवार करण रजवार की पिटाई कर दी। जिससे व घायल हो गया। लोगों ने इसकी सूचना बलियापुर पुलिस को दी। घायल को सीएचसी बलियापुर लाया गया। घायल करण रजवार ने इस संबंध में बलियापुर थाना में लिखित शिकायत किया है। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है। दोनों वाहनों का अगला भाग क्षतिग्रस्त हो गया।



## उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय आमटाल, बलियापुर के शिक्षक स्व० कैलाश प्रसाद महतो के द्वितीय पुण्यतिथि पर विद्यालय परिवार ने दिया श्रद्धांजलि

पोलिट लाइव रिपोर्टर



बलियापुर : उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय आमटाल, बलियापुर के शिक्षक स्वर्गीय श्री कैलाश प्रसाद महतो जी के द्वितीय पुण्यतिथि में विद्यालय परिवार द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए स्मरण किया गया।।

आपने अपने जीवन काल में सदैव दृढ़ता से अपने कार्यक्षेत्र, विद्यालय एवं समाज के सभी कार्यों में अपना सहयोग एवं मार्गदर्शन दिया। आपसे हम सभी बहुत कुछ सीखे हैं, ऐसे ही आपका आशीर्वाद जीवनपर्यंत मिलता रहे।।

## मारवाड़ी युवा मंच की उन्नति शाखा ने गोविंदपुर में स्कूली बच्चों का समर कैंप लगाया



पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोविंदपुर : मारवाड़ी युवा मंच की उन्नति शाखा ने रविवार को मधुबन होटल गोविंदपुर में स्कूली बच्चों का समर कैंप लगाया।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों को अलग-अलग तरह की कलाएं सिखाई गई। बच्चों को योगा, कसरत, गिटार सिखाया गया। जंक फूड के नुकसान और हेल्दी फूड के फायदे बताए गए। पूरे कार्यक्रम के दौरान बच्चों के स्वास्थ्य का खास करके ध्यान रखा गया। हर थोड़ी देर पर उनको फल , नींबू पानी, ग्लूकोन-डी, हेल्दी लंच और इवनिंग स्नैक्स दिये गए। विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को मारवाड़ी महिला सम्मेलन की पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष रेणु दुदानी, सरोज सरिया, पदमा बुबना आदि से सम्मानित कराया। शाखा अध्यक्ष- ज्योति अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक स्नेहा अग्रवाल, शाखा सचिव पायल मित्तल, कोषाध्यक्ष खुशबू अग्रवाल, पायल अग्रवाल, नेहा बंसल, स्वाति बंसल, कोमल दुदानी, विशाखा लोधा, करिश्मा केजरीवाल, प्रीति अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, रेशम अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, नेहा सरिया आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाया।



# पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने दंडाधिकारी और पुलिस बल की उपस्थिति में गोविंदपुर के फुफुवाडीह में पानी चोरी बंद कराया

पोलिट लाइव रिपोर्टर



गोविंदपुर : दंडाधिकारी और पुलिस बल की उपस्थिति में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने सोमवार को गोविंदपुर थाना क्षेत्र के फुफुवाडीह में मैथन जलापूर्ति योजना के पानी की लंबे समय से हो रही चोरी को बंद कराया। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग धनबाद प्रमंडल एक के कार्यपालक अभियंता जेसन होरो ने विगत 26 अप्रैल को अनुमंडलाधिकारी उदय रजक को पत्र लिखकर पानी चोरी का मुहाना बंद करने के लिए दंडाधिकारी और पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की मांग की थी । इसी के आलोक में अनुमंडलाधिकारी ने आदेश जारी कर गोविंदपुर के अंचल निरीक्षक कुमार सत्यम भारद्वाज को इस कार्य के लिए दंडाधिकारी प्रतिनियुक्ति किया। पेयजल विभाग के अभियंता को अंदेशा था कि बगैर दंडाधिकारी एवं पुलिस अधिकारी के पानी चोरी बंद कराने जाने पर विधि व्यवस्था की समस्या पैदा हो सकती है। दंडाधिकारी अंचल निरीक्षक श्री भारद्वाज ने बताया कि धनबाद शहरी जलापूर्ति योजना अंतर्गत मैथन डैम स्थित इंटकवेल से भेलाटांड़ जल शोध संस्थान के बीच कच्चा जलापूर्ति पाइपलाइन को तोड़कर एवं उसमें 100 एमएम का अलग से पाइप लगाकर लोगों द्वारा लंबे समय से पानी की चोरी की जा रही थी। इससे मैथन जलापूर्ति योजना का पूरा पानी भेलाटांड़ नहीं पहुंच पाता था। पानी चोरी का यह धंधा लंबे समय से जारी था । दंडाधिकारी पुलिस बल एवं पेयजल के अभियंताओं के साथ जब अवैध कनेक्शन बंद कराने गए तो ग्रामीण जुट गए और कहने लगे कि पानी की दिक्कत है । इसी कारण इस पानी का उपयोग किया जा रहा था। ग्रामीणों ने विरोध प्रकट किया परंतु दंडाधिकारी की सूझबूझ से मामला सलट गया। श्री भारद्वाज ने ग्रामीणों से कहा कि यदि किसी को पानी की दिक्कत है तो कार्यपालक अभियंता से संपर्क कर आग्रह करें। पानी की चोरी करना उचित नहीं है। इसके बाद ग्रामीण मान गए और अवैध कनेक्शन को बंद कर दिया गया । इस मौके पर गोविंदपुर के सहायक अभियंता कुमार समरेंद्र मल्लिक एवं डीएन महतो, कनीय अभियंता कुमार आनंद, पुलिस अवर निरीक्षक लक्ष्मी नारायण महतो आदि शामिल थे। कार्यपालक अभियंता श्री होरो ने कहा कि यदि और किसी स्थान पर इस तरह पानी की चोरी हो रही है तो उसे बंद करा दिया जाएगा। अब पानी चोरों पर प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

## गोविंदपुर गांव भीतर दुर्गा मंदिर प्रांगण में चार दिवसीय हरि नाम संकीर्तन समारोह की हुई शुरुआत

पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोविंदपुर : गोविंदपुर गांव भीतर सोलह आना दिगर के सौजन्य से गांव भीतर दुर्गा मंदिर प्रांगण में चार दिवसीय हरि नाम संकीर्तन समारोह की शुरुआत सोमवार से हुई। शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक श्रीपुर, वर्धमान से आए रंगदल अपनी कला से श्रोताओं का मन जीत लिया। इसके पश्चात रामनाथ कीर्तन संप्रदाय की दोमहानी, वर्धमान से आई रिंकू दास उर्फ चुमकी ने पाला कीर्तन गाकर समां बांध दिया। श्रोता आधी रात तक भावविभोर हो चुमकी को सुनते रहे। इसके पूर्व रविवार की रात शुभ गंधाधिवास अनुष्ठान किया गया था।

संकीर्तन समारोह का समापन गुरुवार को होगा। मौके पर सोलह आना दिगर के अध्यक्ष किरीटी भूषण रूज, सचिव सुभाष घाटी उर्फ कालो, कोषाध्यक्ष माणिक रतन दत्ता समेत नंदलाल अग्रवाल, दयामय दत्ता, गौतम बिष्टू, दुलाल दत्ता, मिलन दत्ता, मोहन कुंभकार, कृष्ण कुमार अग्रवाल, रूपेश बंसल, मंसाराम, विजय कुमार, सनत लायक, पवन लोधा, बबलू दुदानी, डॉ. अनिल कुमार, एसके पाठक, सुमिता दास, अशोक बर्मन, डॉ. एसके दे, दीपक भगत, मृदुल बिष्टू, सोमनाथ गुप्ता, अनूप सरिया, शत्रुघ्न साव, संतोष सोनी, श्याम किशोर अग्रहरी, विमल यादव, रमेश बाउरी, भोला गुप्ता, राजकुमार तायल, बजरंग अग्रवाल, बाबूलाल यादव, जितेन पाल, नवीन भगत, लक्ष्मण सिंह, राधेश्याम बंसल, मन्नू सोनार, सुभाष चंद्र, सपन दां आदि मौजूद थे।

## वार्ड 53 के हेट कांड्रा बस्ती के लोग झामाडा जलापूर्ति पानी घरो तक नहीं पहुंचने से लोग परेशान

पोलिट लाइव रिपोर्टर

सिंदरी: धनबाद नगर निगम के सिंदरी अंचल के वार्ड 53 के हेट कांड्रा बस्ती के लोग झामाडा द्वारा कि जाने वाली जलापूर्ति की पीनी घरो तक नहीं पहुंचे से लोग परेशान हैं । लोगों द्वारा उक्त जलापूर्ति की देखभाल करने वालो को केई बार पीनी नहीं मिलने की जानकारी दिया गया । लेकिन लगभग एक माह हो गया ना उक्त देखभाल करने बाले कर्मचारी ही ध्यान दिया हैं और विभाग के लोग ही ग्रामीणों की सुध लिया हैं। लोग इस गर्मी के मोशम में पानी के लिए परेशान है। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त जिलापूर्ति के लिए विभाग द्वारा रखे कर्मी द्वारा आपने क्षेत्र के लोगों को भरपूर पानी मिले इसके लिए कांड्रा बस्ती हनुमान मंदिर पुल के समिप लगे पाईप लाईन के भाल्प को कम खोलता हैं। उक्त भाल्प को नही खोलने के कारन हेट कांड्रा के ग्रामीण के घर मे पानी नहीं पहुच रहा हैं।
ग्रामीणों बताया कि पानी के बील देने के बाबजूद एक माह से लोगों के घरो में पानी नहीं गिर रहा। समस्याओं का समाधान जल्द नहीं होने से सडक पर उत्तर का आन्दोल करने के लिए बाध्य होगे ।जिसकी सारी जिम्मेदारी जलापूर्ति विभाग की होगी।

## मासस के बैठक में निर्णय घर-घर संपर्क अभियान को सघन करेगी,जनता से लेगी सरकार के कामकाज का रिपोर्ट



पोलिट लाइव रिपोर्टर

बलियापुर : मासस ने घर-घर संपर्क अभियान को और सघन करने का फैसला किया है। पार्टी कार्यकर्ता लोगों को मोदी सरकार की नाकमियां बताएंगे और उनसे फीडबैक लेंगे साथ ही मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी के पक्ष में अत्यधिक मतदान। कराने का निर्णय मासस की आमटाल के कोल बोर्ड ग्राउंड में बैठक में लिया गया। संचालन पतित पावन माझी ने किया मौके पर प्रभास पाल ध्रुव बावड़ी,बासु बावरी पिंटू पाल सुनील चटर्जी आनंद सिंह शीतल दत्ता हारु बावरी संजय महतो सुरजीत चंद्र दयाल बावरी कार्तिक गोराई मुकेश बावरी सपन दा भारत महतो रंजीत चक्रवर्ती संजय बावड़ी रवि दे मंगल चक्रवर्ती बुला चंद्र आलोक माझी विधान चक्रवर्ती कार्तिक रवानी काली बावड़ी काली पोदो रवानी रंजीत चंद्र मिथुन बावड़ी नेपाल रवानी तथा गांव के सभी वरिष्ठ एवं युवा कामरेड साथी मौजूद थे.

## सिंदरी महाविद्यालय परिसर के बाहर पानी के मटके स्थापित कर शीतल जल पियाऊ लगाया गया



पोलिट लाइव रिपोर्टर

सिंदरी: सिंदरी महाविद्यालय सिंदरी परिसर के बाहर सोमवार को महाविद्यालय के प्राचार्य डा. कमला कांत पाठक के अगवाई में भीषण गर्मी को देखते हुए राह गिरो एवं महाविद्यालय में पढने आने बाले छात्रों को महाविद्यालय पहुंचे आने वाले अभिभाव कों देखते हुए आईक्यूएसी के तहत पानी के मटके स्थापित कर शी तल जल पियाऊ लगाया गया । जिसका उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य कामला कांत पाठक ने फिटाकाटर किया। महाविद्यालय द्वारा किया गया इस कार्य के तारीफ स्थानीय ग्रामीण के साथ -साथ उन राहगीरों एवं अभिभावकों ने भी की जो किसी न किसी उद्देश्य से महाविद्यालय आते हैं या रास्ते से गुजरते है। मौके पर प्रोफेसर इंचार्ज डॉ सुनीता जयसवाल, डॉ शर्मिष्ठा आचार्या, डॉ विशु मेंघनानी,प्रो. सुमिरन कुमार रजक, डॉ नीतू गौरव कुमार, डॉ. ममता कुमारी आदि के साथ -साथ शिक्षकेतर कर्मचारी भी मौजूद रहे साथ ही कार्यक्रम में छात्र - छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# विश्वकर्मा लोहार समिति ने किया ढुलू महतो का समर्थन, नामांकन में बढ़चढ़कर भागेदारी देने का निर्णय

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद:विश्वकर्मा लोहार समिति(रजि०) के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि मंडल ने भारतीय जनता पार्टी से सांसद पद के उम्मीदवार लोकप्रिय श्री ढुल्लू महतो से मिला, और उनको भारी मतों से जीतने के लिए शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम में उपस्थित समिति के प्रतिनिधि सह पदाधिकारी अभिषेक विश्वकर्मा ने फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया,और कहा कि धनबाद के अच्छे भविष्य के लिए आपको जीतना जरूरी है,जिससे युवा वर्ग को आपका सहयोग एवं आशीर्वाद मिलता रहे। पूर्व में भी हमारे समाज के तरफ बीजेपी को सहयोग मिलता रहा है,और इसबार भी मिलेगा।
समिति के सचिव विजय कुमार शर्मा कार्यक्रम के दौरान अपने समाज से आग्रह एवं निवेदन किया कि अधिक से अधिक संख्या में 30 अप्रैल को होने वाले नामांकन में धनबाद सांसद उम्मीदवार श्री ढुल्लू महतो जी को अपना समर्थन देकर अपनी एकता का परिचय देते हुए उनका सहयोग करने में अपना योगदान दें। समिति के कोषाध्यक्ष सूरजवीर प्रसाद (जग्गू) ने कहा आपको हमारी समिति के साथ पूरे लोहार समाज का पूर्ण समर्थन मिले इसके लिए विश्वकर्मा लोहार समिति समाज के लोगों से मिलकर बीजेपी के पक्ष में मतदान के लिए अपील करेगी। मैं आश्वासन देता हूँ कि,समाज का हर एक व्यक्ति आपके साथ है। उम्मीद करता हूँ कि आपके भारी मतों से जीतने के बाद धनबाद जिला कायाकल्प बदलेगा एवं एक विकसित धनबाद नजर आएगा। सम्मान समारोह में मुख्य रूप से धनबाद एवं कतरास शाखा के पदाधिकारियों में रमेश विश्वकर्मा, सरोज विश्वकर्मा, दिलीप विश्वकर्मा, अभिषेक विश्वकर्मा एवं अन्य सदस्य एवं अन्य लोग उपस्थित थे।